# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.05.2026 समय : 1905

<><><><><><><><><>

1. भारत और साइप्रस के बीच आतंकवाद रोकने, नवाचार, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और सांस्कृतिक सहयोग को लेकर कई महत्वपूर्ण समझौते हुए।
2. निर्वाचन आयोग ने दस राज्यों की चौबीस राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की।
3. रंगत के सहायक आयुक्त कार्यालय द्वारा तेरह जून को रंगत मानसून मैराथन–2026 का आयोजन किया जाएगा।
4. गुप्तापाड़ा ग्राम पंचायत में आयोजित किसान जागरूकता कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने महिला किसानों को जैविक खाद, जल संरक्षण और समन्वित कृषि प्रणाली की जानकारी दी।

<><><><><><><><><>

भारत और साइप्रस ने आज आतंकरोधी, नवाचार और प्रौद्योगिकी, उच्च शिक्षा और अनुसंधान तथा सांस्कृतिक सहयोग पर संयुक्त कार्य समूह की स्थापना सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई समझौते किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के साथ विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि भारत और साइप्रस के बीच मित्रता न केवल मजबूत है बल्कि भविष्योन्मुखी भी है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में साइप्रस से भारत में निवेश लगभग दोगुना हो गया है और अब भारत और साइप्रस का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में निवेश प्रवाह को फिर से दोगुना करना है। साइप्रस के साथ रक्षा सहयोग बढ़ा है और दोनों देशों ने साइबर सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा तथा आतंकवाद से निपटने में सहयोग बढ़ाने का भी निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जब वे साइप्रस यात्रा पर गए थे, उस वक्त राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स की आत्मीयता से बहुत प्रभावित हुए थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि दोनों देश यूक्रेन और पश्चिम एशिया संघर्ष को शीघ्र समाप्ति और शांति के प्रयासों का समर्थन करते हैं। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स चार दिवसीय भारत दौरे पर हैं।

<><><><><><><><><>

निर्वाचन आयोग ने आज राज्यसभा की दस राज्यों की 24 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव कार्यक्रम घोषित किया। आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक की चार, राजस्थान और मध्य प्रदेश की तीन, झारखंड की दो और मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश तथा मिजोरम की एक–एक सीट के लिए चुनाव होगा। अधिसूचना पहली जून को जारी की जाएगी और मतदान 18 जून को होगा।

<><><><><><><><><>

भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाने वाला प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को सम्मानित करने वाला एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जिनकी उपलब्धियों का समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा हो और जो अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकें। यह पुरस्कार बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की छह श्रेणियों में प्रदान किया जाता है। इक्कतीस जुलाई तक 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे, जिन्होंने इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट सार्वजनिक योगदान दिया हो, नामांकन के पात्र होंगे। पुरस्कार के लिए नामांकन भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों, राज्य सरकारों, केंद्रशासित प्रदेशों तथा अन्य संबंधित संस्थानों से आमंत्रित किए गए हैं। नामांकन केवल ऑनलाइन माध्यम से राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर स्वीकार किए जाएंगे। पुरस्कार के लिए ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू हो चुकी है तथा नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक है।

<><><><><><><><><>

सहायक आयुक्त कार्यालय, रंगत द्वारा पी आर आई एवं विभिन्न विभागों के समन्वय से तेरह जून को सुबह साढ़े पाँच बजे "रन फॉर हेल्थ, यूनिटी एंड एनवायरनमेंट" विषय पर "रंगत मानसून मैराथन 2026" का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और सामुदायिक भावना का उत्सव मनाना है। मैराथन में पुरुषों के लिए 10 किलोमीटर और महिलाओं के लिए 5 किलोमीटर दौड़ आयोजित की जाएगी। दोनों वर्गों में विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं पदक प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 5 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। सरकारी एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्थानों, संगठनों तथा आम जनता से इच्छुक

प्रतिभागियों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए 9434—270—758 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा कल दक्षिण अंडमान के गुप्तापाड़ा पंचायत में "संतुलित उर्वरक उपयोग एवं उद्यमशील कृषि" विषय पर किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संतुलित पोषक प्रबंधन को बढ़ावा देना, मृदा स्वास्थ्य में सुधार करना तथा द्वीपीय पारिस्थितिकी के अनुरूप उद्यमशील कृषि प्रणालियों को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में डॉ. एम. मुरुगानंदम, डॉ. अजीत सिंह वमन तथा डॉ. रफीक रहमान अल्येथोडी सहित वैज्ञानिकों की टीम ने महिला किसानों एवं स्वयं सहायता समूहों को समन्वित कृषि प्रणाली, जलवायु अनुकूलन तथा ग्रामीण आजीविका विविधीकरण पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. मुरुगानंदम ने मृदा एवं वर्षा जल संरक्षण, जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट, जैव उर्वरकों तथा नाइट्रोजन स्थिरीकरण संसाधनों के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने वर्षा जल संचयन एवं एकीकृत मत्स्य पालन प्रणालियों को भी उपयोगी बताया। कार्यक्रम में व्यावहारिक प्रदर्शन और प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें किसानो तथा संस्थान के कर्मचारी शामिल हुए।

<><><><><><><>

कदमतला के उत्तरा जेट्टी के पास पुलिस की तत्परता के चलते समुद्र में डूब रही एक महिला को बचा लिया गया। पुलिस बल के दो कर्मचारी के. जगदेश्वर राव और सौनकीप बरोई को एक महिला समुद्र में अचेत अवस्था में मिली। दोनों कर्मियों ने बिना समय गंवाए महिला को समुद्र से बाहर निकाला। इसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कदमतला में महिला का उपचार किया गया, जिसके बाद महिला सामान्य हो गई। पी एम एफ कर्मियों की इस त्वरित और जीवन रक्षक कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा "प्रारम्भिक वर्ग – 2026" का आयोजन मध्योत्तर अण्डमान जिला, में कल से 26 मई तक किया जाएगा। यह कार्यक्रम विवेकानन्द केंद्र जिला परिषद विद्यालय, बसंतीपुर में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में जिले के स्वयंसेवकों एवं युवाओं को शारीरिक, बौद्धिक एवं संगठनात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। संघ ने बताया कि प्रतिभागियों को वर्ग में भाग लेने हेतु आयु सीमा 13 वर्ष से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। इस आयोजन के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक समरसता की भावना विकसित करने का उद्देश्य रखा गया है।

<><><><><><><>

एम.वी स्वराजद्वीप 26 मई को सुबह 10 बजे राजधानी श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम के लिए रवाना होगा। सामान की ढुलाई 25 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक की जाएगी। यात्रियों की बोर्डिंग प्रक्रिया 26 मई को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक चलेगी। निर्धारित समय से एक घंटा पहले बोर्डिंग बंद कर दी जाएगी।

<><><><><><><>